भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, भोपाल

डेयरी प्लांट, हबीबगंज भोपाल– 462024

फोन :– (0755) 2481995 फेक्स :– 0755 – 2450896

e-mail : sanchi.bhopal@gmail.com

''साँची मिल्क पार्लर संचालन हेतु प्राप्त पात्र आवेदकों के मध्य लॉटरी प्रक्रिया बाबत्।''

भोपाल दुग्ध संघ द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में भोपाल शहर के 288 मिल्क पार्लर में से ओबीसी आरक्षण के संबंध में न्यायालय में विचाराधीन प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए 38 पार्लरों को सुरक्षित रखते हुए शेष रह गये 35 पार्लरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 93 मिल्क पार्लरों में से शेष 45 पार्लरों के आवंटन हेतु नवीन नीति अनुसार निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 28.02.2022 तक सायं 5:00 बजे तक इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

निर्धारित समयावधि में प्राप्त आवेदन प्रपत्रों के परीक्षण उपरांत पात्र व अपात्र आवेदकों की सूची तैयार कर ली गई है। पात्र आवेदकों के मध्य नियमानुसार लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से चयन हेतु दिनांक 07.04.2022 को समय दोपहर 12:00 बजे निर्धारित किया गया है। अतः भोपाल दुग्ध संघ की वेबसाइट पर अपलोड की गई सूची अनुसार पात्र आवेदक लॉटरी हेतु निर्धारित दिनांक 07.04.2022 को दोपहर 12:00 बजे भोपाल दुग्ध संघ परिसर में उपस्थित होने का कष्ट करें।

उपस्थित होने वाले पात्र आवेदक को कार्यालय परिसर में प्रवेश हेतु प्रथम एवं द्वितीय वैक्सीन लगाए जाने का प्रमाण पत्र मोबाईल पर अथवा प्रिंटेड दस्तावेज़ प्रस्तुत करना होगा, मास्क लगाना होगा, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना होगा एवं माननीय कलेक्टर, जिला भोपाल, म.प्र. शासन द्वारा जारी कोविड–19 प्रोटोकोल का संपूर्ण पालन सुनिश्चित करना होगा।

भोपाल शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के पात्र–अपात्र आवेदकों की सूची संघ की वेबसाइट www.sanchidairy.com पर अपलोड की गई है, जिसका अवलोकन करने का कष्ट करें।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी